अनंतपुरुमू सौर पार्क में 100 मेगावाट सौर क्षमता का संचालन

drishtiias.com/hindi/printpdf/operating-100-mw-solar-capacity-at-anantapurumu-solar-park

चर्चा में क्यों?

हाल ही में टाटा पावर ने अपने सार्वजनिक वक्तव्य में कहा है कि इसकी शाखा टाटा पावर नवीकरणीय ऊर्जा लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने आंध्र प्रदेश के अनंतपुरुमू (Ananthapuramu) सौर पार्क में 100 मेगावाट (50 मेगावाटx2) की सौर क्षमता का विकास एवं संचालन किया है।

प्रमुख बिंदु

- वर्तमान में भारत में टीपीआरईएल द्वारा कुल संचालित अक्षय ऊर्जा की क्षमता 2,215 मेगावाट है।
- पिछले वर्ष वेल्सपुन नवीनीकरणीय ऊर्जा (Welspun Renewables Energy) के अधिग्रहण के बाद कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 159 मेगावाट की पवन और सौर क्षमता को व्यवस्थित रूप से बढ़ाया है।
- इस सौर ऊर्जा संयंत्र से बिजली की बिक्री हेतु 25 वर्षों तक के लिये भारत के सौर ऊर्जा निगम के साथ समझौते पर हस्ताक्षर भी किया गया है।
- यह परियोजना जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (JNNSM) के चरण-II, बैच-3 की ग्रिड से जुड़ी सौर ऊर्जा क्षमता के विकास के लिये नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) की योजना का एक हिस्सा है।
- ध्यातव्य है कि भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देश में सौर ऊर्जा की उच्चतम क्षमताएँ विद्यमान हैं।
- इसके साथ ही अक्षय ऊर्जा से 'न्यू इंडिया' के निर्माण तथा ‘वर्ष 2019 तक सभी के लिये 24X7 बिजली की सुविधा’ उपलब्ध कराने में भी यह संयंत्र एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।